मेरी बिगड़ी बनाना तेरा काम है | By Bahadur Saini

आना खाटू में बाबा मेरा काम था
मेरी बिगड़ी बनाना तेरा काम है
तू सुने ना सुने है ये मर्ज़ी तेरी
अपने दिल की सुनाना मेरा काम है

सारी दुनिया ने मुझको सताया बहुत
अपनों ने गैरो ने आज़माया बहुत
मैं तो उतरा हूँ दिल से सभी के प्रभु
सीने से लगाना तेरा काम है
तू सुने ना सुने है ये मर्ज़ी तेरी
अपने दिल की सुनाना मेरा काम है

श्याम खुलती जुबां तेरे आगे नहीं
यूँ ही अँखियों के आंसू में पढ़ ले मुझे
मैं तो आया हूँ दर पे तेरे हार के
हारे को जिताना तेरा काम है
आना खाटू में बाबा मेरा काम था
मेरी बिगड़ी बनाना तेरा काम है

है तमन्ना बहादुर ये गाता रहूं
हर दुखियों को खाटू ले जाता रहूं
प्रेमियों को भजन जब सुनाने लगूँ
दो शबद सुन के जाना तेरा काम है
आना खाटू में बाबा मेरा काम था
मेरी बिगड़ी बनाना तेरा काम है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be/